Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to implement various railway projects and services in Jahanabad Parliamentary constituency.

श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद): धन्यवाद माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में रेल सुविधाओं के विस्तार के संबंध में माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र जहानाबाद में रेल सुविधाओं की सख्त आवश्यकता है। मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि जहानाबाद में अरवल मोर राजा बाजार के पास रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए। जहानाबाद में कारगिल चौक के पास रेल ओवर ब्रिज बनाया जाए। जहानाबाद-गया रूट पर कोरोना के कारण रेलगाड़ियों को आवागमन रोका गया है, उसे कृपया पुनः शुरू किया जाए और ठहराव को बहाल किया जाए। जहानाबाद से कोलकाता के बीच पटना-धनबाद-गंगा दामोदर एक्सप्रेस को धनबाद की जगह कोलकाता तक विस्तार किया जाए। जहानाबाद से दिल्ली के बीच सीधी रेल सेवा देने के उद्देश्य से महाबोधी एक्सप्रेस को गया की जगह जहानाबाद से आरंभ किया जाए। पटना-गया रेलखंड पर टेहटा रेलवे स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव और आरक्षित टिकट काउंटर खुलवाया जाए। बिहटा से अनुग्रह नारायण रोड रेल स्टेशन के बीच प्रस्तावित नई रेल लाइन को जल्द बिछाने की व्यवस्था की जाए। नालंदा से गया को जोड़ने के लिए 50 कि.मी. लंबे इस्लामपुर से मानपुर तक नई रेल लाइन बिछाई जाए। पटना-गया रेलखंड पर टेहटा रेलवे स्टेशन पर पटना-हटिया एक्सप्रेस का ठहराव पुनः बहाल किया जाए। कुछ वर्ष पूर्व जहानाबाद से पटना एवं गया के लिए लोकल पैसेंजर ट्रेन चलती थी, जो बाद में बंद हो गई। इससे यात्रियों को काफी कठिनाई हो रही है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि उस सेवा को पुनः बहाल किया जाए।